शोभायात्रा | हिंदू समाज को एक सूत्र में बांधकर संगठित करने के प्रयास की सराहना की

# हिन्दू सम्मेलन शोभायात्रा में सपत्निक शामिल हुये जायसवाल





**नवभारत, वारासिवनी।** हिंदू जागरण की दिशा को नई ऊर्जा एवं चेतना प्रदान करने हेतु सर्व हिन्दू समाज द्वारा सनातन संस्क्रति,सनातन धर्म एवं सामाजिक एकता के प्रतीक विराट हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया गया।

इसी तरह आज रविवार को श्रीराम मंदिर से भव्य शोभायात्रा भी निकाली गयी। जिसमे पूर्व मंत्री प्रदीप जायसवाल, पूर्व नपा अध्यक्ष स्मिता जायसवाल भाजपा पदाधिकारीयो व कार्यकर्ताओ के साथ शामिल हुये। इस अवसर पर प्रदीप जायसवाल ने प्रतिक्रिया मे कहा की इस कार्यक्रम का उद्देश्य हिंदू समाज को जाति और संप्रदाय के मतभेदो से उपर उठाकर एक सुत्र मे बांधना और संगठित करना है। हिंदू कन्याकुमारी से हिमालय तक अपनी पहचान और सनातन संस्क्रति पर गर्व करना तथा उसके संरक्षण के प्रति लोगो मे जागरूकता फैलाना है।

आज रविवार को शोभायात्रा के बाद दशहरा मैदान में पूज्य श्रीमद जगद्गुरु सुखानन्द द्वाराचार्य स्वामी राघव देवाचार्य जी महाराज, सुमित ओरछा वीर रस कवि विनोद दिनेश्वर प्रान्त प्रचार प्रमुख,श्रीमती प्रतिमा बिसेन प्रांत बौद्धिक प्रमुख आदि ने हिंदूओ का मार्गदर्शन भी किया।

### रैली में जमकर जयकारे लगाते हुये नजर आये

अतिभव्य रविवार के इस आयोजन को लेकर हिदूंओ ने एक दिवस पूर्व शनिवार की शाम को प्राचीन श्रीराम मंदिर से भव्य भगवा रैली निकालकर मुख्य कार्यक्रम की सफलता की हूंकार भी भरी। बाईक रैली ने समुचे नगर का भ्रमण कर सभी को इस महासम्मेलन मे शामिल होने के लिये आंमत्रित भी किया। एक सहयोगी के रूप मे पूर्व मंत्री प्रदीप जायसवाल भी रैली मे जमकर जयकारे लगाते हुये नजर आये।

## बोर्ड परीक्षाओं के दौरान निर्बाध विद्युत आपूर्ति के निर्देश

**बालाघाट।** माह फरवरी 2026 में प्रारंभ होने वाली बोर्ड परीक्षाओं एवं विद्यालयों की वार्षिक परीक्षाओं को दृष्टिगत रखते हुए परीक्षा अवधि के दौरान विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित न हो, इसके लिए तहसील बैहर, बिरसा एवं परसवाड़ा क्षेत्र में निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश जारी किए गए हैं। एकीकृत जनजातीय विकास परियोजना बैहर के परियोजना प्रशासक श्री अर्पित गुप्ता (आईएएस) द्वारा इस संबंध में संभागीय अभियंता, म.प्र. पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड बैहर को पत्र जारी कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं। पत्र में उल्लेख किया गया है कि कुछ ग्रामों में पिछले दो दिनों से ट्रांसफार्मर खराबी के कारण विद्युत आपूर्ति बाधित होने की जानकारी प्राप्त हुई है, जिससे विद्यार्थियों की पढ़ाई पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है।

# 13 साल की नाबालिग बनी मां, बच्ची को दिया जन्म

### पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार



**नवभारत, बालाघाट।** बालाघाट में जिला अस्पताल के प्रसूति वार्ड में छात्रावास में रहकर पढ़ाई कर रही साढ़े 13 साल की बच्ची ने एक बच्ची को जन्म दिया है। घटना ने छात्रावास में छात्राओं के स्वास्थ्य परीक्षण में लापरवाही उजागर की है। अस्पताल चौकी से मिली जानकारी के बाद महिला थाना ने कार्रवाई की और आगे की जांच के लिए गढ़ी थाना को सूचना भेजी।

पुलिस ने इस मामले में नाबालिग आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है, जिसे आज शनिवार को किशोर न्यायालय में पेश किया जाएगा। महिला थाना प्रभारी किरण वरकड़े ने बताया कि अस्पताल चौकी से मिली जानकारी के आधार पर प्रारंभिक कार्रवाई की गई है, और गढ़ी थाना पुलिस आगे की जांच करेगी।

इस मामले में सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग शकुंतला डामोर ने बैहर विकासखंड के कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास परसामऊ की अधीक्षिका चैनबती सैयाम को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। अधीक्षिका पर अपने कर्तव्यों में लापरवाही बरतने का आरोप है।

दरअसल, गढ़ी थाना क्षेत्र के परसामऊ आवासीय छात्रावास में रहकर नाबालिग पढ़ाई कर रही थी, तभी उसके गर्भवती होने और बच्ची को जन्म देने का मामला सामने आया। यह आवासीय छात्रावास जिला शिक्षा केंद्र के अधीन संचालित होता है।

जिला शिक्षा केंद्र के डीपीसी जीपी बर्मन ने हॉस्टल वार्डन और एएनएम की लापरवाही स्वीकार की है। उन्होंने बताया कि आठवीं कक्षा में पढ़ने वाली पीड़ित छात्रा की तबीयत ठीक नहीं रहती थी और वह ज्यादातर समय अपने घर पर ही रहती थी। छात्रा ने पुलिस को दिए बयान में बताया है कि उसके गांव के ही किसी व्यक्ति से उसके शारीरिक संबंध था।

सहायक आयुक्त शकुंतला डामोर ने पाया कि छात्रावास अधीक्षिका ने पीड़ित छात्रा के स्वास्थ्य में परिवर्तन होने पर कोई संवेदनशीलता नहीं दिखाई और न ही छात्रा का अलग से स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया।

अधीक्षिका की ओर से छात्रा के छात्रावास से बार बार अनुपस्थित रहने पर एवं उसके स्वास्थ्य को लेकर पालको से संपर्क नहीं किया गया है। अधीक्षिका चैनबती सैयाम की अपने पदीय कर्तव्यों के प्रति बरती गई इस लापरवाही के लिए उन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है।

## कटनी में 13 से 24 तक अग्निवीर भर्ती रैली का आयोजन

**बालाघाट।** भारतीय सेना में भर्ती होने के इच्छुक युवाओं के लिए एक सुनहरा अवसर आने वाला है। भर्ती कार्यालय मुख्यालय जबलपुर के तत्वावधान में आगामी 13 फरवरी से 24 फरवरी 2026 तक पुलिस लाइंस झिंझरी, कटनी में अग्निवीर भर्ती रैली का आयोजन किया जा रहा है। इस रैली के माध्यम से बालाघाट सहित मध्यप्रदेश के 15 जिलों के युवाओं को भारतीय सेना में अग्निवीर के रूप में शामिल होने का अवसर मिलेगा। जिला रोजगार कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार, इस भर्ती रैली में अग्निवीर जनरल ड्यूटी, तकनीकी, क्लर्क/स्टोर कीपर और ट्रेड्समैन पदों के लिए चयन प्रक्रिया आयोजित की जाएगी। रैली में जबलपुर, अनूपपुर, बालाघाट, छिंदवाड़ा, कटनी, मंडला, मऊगंज, नीमच, रीवा, सतना, सिवनी, शहडोल, सीधी, सिंगरौली एवं उमरिया जिलों के पात्र युवा भाग ले सकेंगे।

# वनमण्डल स्तरीय संयुक्त वन प्रबंधन समिति कार्यशाला का हुआ आयोजन


**नवभारत, बालाघाट।** 31 जनवरी को मुख्य वन संरक्षक वन वृत बालाघाट, वनमंडल अधिकारी उत्तर सा. बालाघाट के दिशा निर्देशन में एवं उपवनमंडल अधिकारी बैहर सा. के मार्गदर्शन में तथा वन परिक्षेत्र अधिकारी बिरसा /दमोह सा. के नेतृत्व में वन परिक्षेत्र बिरसा /दमोह सा.के अंतर्गत बीट- दमोह के वन कक्ष -1701 में वनमण्डल स्तरीय संयुक्त वन प्रबंधन समिति कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें वन परिक्षेत्र - बिरसा /दमोह सा., पूर्व बैहर सा., पश्चिम बैहर सा., उत्तर उकवा सा., दक्षिण उकवा सा., उत्तर लामता सा. एवं दक्षिण लामता सा. के अंतर्गत ग्राम वन समिति एवं वन सुरक्षा समिति के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं सदस्यों को संयुक्त वन प्रबंधन के माध्यम से वनों एवं वन्यप्राणियों की सुरक्षा, माइक्रोप्लान एवं उनके क्रियान्वयन पर चर्चा, वन समितियों के अधिकार एवं उनके



कर्तव्य के सम्बन्ध में कार्यक्रम में उपस्थित वन अधिकारियों द्वारा विस्तार से चर्चा कर स्थानीय समुदायों की भागीदारी सुनिश्चित करने, समिति के लिए आय के स्त्रोत बढ़ाने, स्थानीय ग्रामीणों के लिए रोजगार उपलब्ध कराने,वनों से प्राप्त लघु वनोपेजों को उचित मूल्य के लिए वन धन केंद्र के माध्यम से विक्रय करने पर जानकारी दी गई. ग्राम वन समिति परसाई के अध्यक्ष श्री लखन पंचवे जी,सदस्य -श्री राम साधेश्वर, ग्राम वन समिति रेलवाही के सदस्य श्री भिक्कम बन्देश्वर जी, श्री ज्ञान सिंह मरकाम, श्री छन्नू लाल बन्देश्वर,उपाध्यक्ष -सुंदरिया बाई कुशरे, ग्राम वन समिति सुरवाही के अध्यक्ष श्री झनकार मेरावी जी, ग्राम वन समिति टिंगीपुर के अध्यक्ष श्री देव सिंह बिसेन, रमेश बिसेन सदस्य के द्वारा अपने उदबोधन में ग्राम से लगे बिगड़े जंगलों को बनाने, वनों की सुरक्षा, ग्रामीणों का सहयोग लेकर अग्नि से सुरक्षा, वनों का संरक्षण एवं प्रबंधन के बारे में अपने अनुभव साझा किये गये. कार्यक्रम के अंत में उपस्थित वन अधिकारीयों कर्मचारियों, सदस्यों गणों को वनों, वन्यप्राणियोंएवं पर्यावरण की सुरक्षा की शपथ दिलाकर कार्यक्रम का समापन किया गया. वनमंडल स्तरीय कार्यक्रम में श्रीमान राकेश शाक्यवार उपवनमंडल अधिकारी बैहर सा. श्रीमान बी. आर. पदाम उपवनमण्डल अधिकारी बैहर उत्पादन, श्रीमान सौरभ शरणागत वन परिक्षेत्र अधिकारी बिरसा /दमोह सा., श्रीमान कंदर्प भट्ट वन परिक्षेत्र अधिकारी पश्चिम बैहर सा. श्रीमान आशुतोष सिंह वन परिक्षेत्र अधिकारी दक्षिण उकवा सा., कु. प्रियंका मरकाम वन परिक्षेत्र अधिकारी उत्तर उकवा सा. श्रीमान शिवमपुरी गोस्वामी वन परिक्षेत्र अधिकारी दक्षिण लामता सा. श्रीमान देवेंद्र रंगारे वन परिक्षेत्र अधिकारी उत्तर लामता सा. श्रीमान दिनेश ठाकुर वन परिक्षेत्र अधिकारी पूर्व बैहर उत्पादन, समस्त परिक्षेत्र के वन परिक्षेत्र सहायक, बीट गार्ड, ग्राम वन समिति / वन सुरक्षा समिति के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सदस्यगण एवं स्थानीय ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

# राजा भोज समाज सुधार के संरक्षक रहे : पारधी

### ग्राम वरुड में चक्रवती सम्राट राजा भोज की प्रतिमा का हुआ अनावरण



**नवभारत कटंगी 1 फरवरी।** ग्राम पंचायत वरुड में क्षत्रीय पवार समाज संगठन के तत्वावधान में चक्रवती सम्राट राजा भोज की प्रतिमा का अनावरण किया गया। प्रात: 10 बजे ग्राम में प्रभात फेरी और शोभायात्रा निकाली गई, जो ग्राम के मुख्य मार्गों से होती हुई कार्यक्रम स्थल तक पहुंची। इसके पश्चात राजा भोज की मूर्ति अनावरण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

पूजा-अर्चना एवं आरती कर अतिथियों का गरिमामय स्वागत-सत्कार किया गया। कार्यक्रम पश्चात महाप्रसादी का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक गौरव सिंह पारधी, विशाल बिसेन, ओंकार बिसेन, बागेश्वरी तुरकर, भोजराज देशमुख, सरपंच गीता गन्नुलाल बिसेन, नंदकिशोर बिसेन,झनकलाल ठाकरे, सहित अनेक समाजजन एवं गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।

#### राजा भोज के जीवन दर्शन पर चर्चा की

कार्यक्रम में वक्ताओं ने अपने संबोधन में राजा भोज के जीवन दर्शन, उनके द्वारा समाज के लिए किए गए कार्यों तथा न्यायप्रिय और प्रजावत्सल शासन व्यवस्था की विस्तृत चर्चा की। उन्होंने कहा कि राजा भोज न केवल एक शक्तिशाली शासक थे, बल्कि विद्या, संस्कृति, कला, स्थापत्य और समाज सुधार के भी महान संरक्षक रहे हैं। उनके आदर्श आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं जितने उस काल में थे।

#### जनकल्याण को दी प्राथमिकता

उन्होंने जाति, धर्म, वर्ग से ऊपर उठकर जनकल्याण को प्राथमिकता दी। इस आयोजन के माध्यम से समाज को उनके जीवन मूल्यों से जोड़ने और युवाओं को उनकी प्रेरणा से आगे बढ़ने का संदेश दिया गया।

वक्ताओं ने यह भी कहा कि राजा भोज जैसे महापुरुषों की स्मृति को जीवंत बनाए रखना समाज की नैतिक जिम्मेदारी है, जिससे नई पीढ़ी अपनी गौरवशाली परंपराओं से जुड़ सके और सामाजिक एकता को मजबूत कर सके।

# सामान्य वर्ग को बेवकूफ बनाने वाला है बजट

### जिले के बेरोजगार युवाओं के लिए क्या किया सरकार ने सत्ता पक्ष के विधायक और सांसद दे जवाब



**नवभारत, बालाघाट।** बालाघाट नगर पालिका की सदस्य वार्ड 11 की पार्षद सरिता महेंद्र सिंह उईके ने सरकार द्वारा लाया गया बजट आम जनता और महिलाओं को बेवकूफ बनाने वाला बजट है। इस बजट में ऐसा कुछ नहीं है जो आम जनता को राहत दे सके । उन्होंने दूरभाष पर चर्चा करते हुए बताया कि बजट 2026 में महिलाओं के लिए कई योजनाओं की घोषणा की गई है, जिसमें 'लखपति दीदी' योजना को 2027 तक 3 करोड़ महिलाओं तक बढ़ाने और स्व-सहायता समूहों के लिए 5 लाख रुपये तक के ब्याज-मुक्त ऋण का प्रस्ताव है, साथ ही महिला उद्यमियों के लिए और हर जिले में लड़कियों के लिए हॉस्टल बनाने का ऐलान किया गया है । वो तो ठीक है लेकिन ग्रहणी महिलाओं के लिए क्या , क्या तेल , शक्कर चावल , गेहूं, मिर्ची, गैस के दाम कम नहीं हुए। बस महिलाओं को पैसा देने के अलावा सरकार कुछ नहीं करती। आज हमारा हक है उसे सरकार दबाने का कार्य कर रही है। उन्होंने आगे बताया कि लाडली बहना योजना सरकार बंद कर युवाओं को रोजगार दे ताकि हमारे बच्चों का भविष्य बन सके। उन्होंने आगे कहा कि कहा है मामा शिवराज सिंह चौहान जो बस भांजियों का भविष्य बनाते और भांजे का क्या। 15 साल राज किया प्रदेश में तुम्हारा मामा है। वो मामा कहा गया। उन्होंने आगे बताया कि जिले में 15 साल में 3 बार इनवर्स मिट हुई लेकिन उसका कोई फायदा नहीं। जिले में माईल में बहुत से बाहर के लोग आकर कार्य करते हैं। क्यों न जिले के विद्यार्थियों को वो कोर्स कराया जाय ताकि जिले के युवा बाहर न जा सके।

# केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल ने एफओबी कोदापार में खेती उपयोगी सामग्री बांटी

**नवभारत, परसवाड़ा।** रूपझर थाना अन्तर्गत नवनिर्मित कैम्प कोदापार में सी/123 बटालियन केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल द्वारा दिनांक 31 जनवरी 2026 को सिविक एक्सन प्रोग्राम 2025-26 का आयोजन किया गया। यह कार्यकम श्री0 हजारी लाल कमांडेण्ट 123 बटालियन के0रि0पु0बल के मार्गदर्शन एवं उपस्थिती में आयोजित किया गया। इस आयोजन में मनोज कुमार (एड्ज्यूटेंन्ट) 123 बटा, निरीक्षक / जीडी रामसेवक मरावी समवाय अधिकारी सी/123बटा, समाजसेवी जेम्स बारिक पत्रकार संजना बर्वे अशोक राउत,अमन गौतम एवं कोदापार, चारघाट, बैगाटोला, सोनगुड्डा, ग्राम के सरपंच



कमलसिंग धुर्वे, ग्राम कोदापार के मुखिया बाबुलाल एवं सी/123 बटा के जवान सम्मिलित हुए। कार्यकम के दौरान 123 बटालियन, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल द्वारा जरूरतमंद स्थानीय लोग, मेहनत कस मजदूरों और किसानों को गैंती, फावड़ा, एनपीके खाद, स्टील बकेट, इत्यादि जरुरतमंद सामान का प्रदान किया गया। इस कार्यकम में श्री0 हजारी लाल कमांडेण्ट 123 बटालियन के0 रि0पु0बल के द्वारा ग्रामीणों को बताया गया कि समाज में शांति एवं सद्भावना स्थापित करने के लिए केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल की ओर से की गयी यह एक पहल है। इस क्षेत्र को नक्सल समस्या को समाप्त करने में आप सभी का सहयोग रहा है। किसान भाईयों का कार्य और योगदान अनमोल है। आपके इस कार्य मे आपकी सहायता हो इसलिये यह खेती उपयोगी उपकरण आपको दिये जा रहे है। इसके उपरान्त महोदय ने बताया की आप अपने बच्चो को स्कुल मे भेजकर उन्हे अच्छा पढाना है जिससे की वह अपना और अपने परिवार का एवं अपने गांव का नाम रोशन करें और अपना भविष्य अच्छा बनाये एवं देश का अच्छा नागरीक बन सकें। इसके अलावा आगे भी इस तरह के कार्यकम किये जाऐंगे। इसके उपरान्त उपस्थित सभी ग्रामिणोको अल्पाहार एवं चायपानी का वितरण किया गया। सोनगुड्डा, ग्राम के सरपंच कमलसिंग धुर्वे ने ग्रामिणों को दिये गये खेती उपयोगी सामग्री के लिये आभार व्यक्त किया। इस कार्यक्रम के आयोजन मे सी/123 एवं के अधिनस्थ अधिकारी एवं जवान बडी संख्या उपस्थित रहकर कार्यकम सुचारू रूप से सफल बनाया।

देवधर ट्राफी | नगर में सभी खेलों के खिलाड़ियों के लिए सकारात्मक माहौल बन गया है : प्रदीप जायसवाल

# आल इण्डिया देवधर क्रिकेट ट्रॉफी का शानदार आगाज

**नवभारत, वारासिवनी।** महाकौषल क्षेत्र में अलग पहचान रखने वाला आल इण्डिया देवधर ट्राफी का आज षानदार आगाज हुआ । इस दौरान बतौर मुख्य अतिथि पूर्व केबिनेट मंत्री प्रदीप जायसवाल एवं कार्यक्रम अध्यक्ष के रूप मे नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती सरीता मनोज दांदरे उपस्थित रही जबकी प्रमुख अतिथि के तौर पर पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती स्मिता जायसवाल, एसडीएम कार्तिकेय जायसवाल आईएएस, जनपद पंचायत अधक्ष श्रीमती माया उईके, नगरपालिका उपाघ्यक्ष श्रीमती प्रीति संतोष षिव, एवं जनपद पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती पुष्पा किषोर अमूले सहित सहित समस्त पार्षदगण, महिला मण्डल के सदस्य, पूर्व खिलाड़ी राजेश परयानी, दीपक आड़े, महेंद्र मिश्रा, रविंद्र ताथौड़, संदीप रुसिया,




राजेन्द्र अरोरा, पंकज वर्मा, राजेन्द्र खण्डेलवाल, हरीष जैरथ, जसवंत पटले, सुनील जैन, रत्नेश मिश्रा, मिलिन्द नगपुरे, अमित येरपुडे, संजय गुप्ता उपस्थित रहे ।

जानकारी अनुसार इस वर्ष अंतर्राज्यीय देवधर क्रिकेट प्रतियोगिता को एक फेस्टीवल के रूप मे आयोजित किया जा रहा है । फेस्टीवल का षुभारंभ अतिथियों ने दोनों टीम के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर खिलाडी भावना से खेलते हुए अच्छे खेल के लिए षुभकामनाऐं दी । जिसके बाद टॉस सम्पन्न कराया जिसके बाद पूरे सम्मान के साथ राष्ट्रगान कराया गया । एमसीए सफारी सिवनी एवं आरसीसी बालाघाट के बीच खेले गये टूर्नामेंट के प्रारंभिक मैच मे एमसीए सफारी सिवनी ने आरसीसी बालाघाट को आखरी ओवर चले इस रोमांचक मैच में 4 विकेट से हराकर बाहर का रास्ता दिखा दिया ।

गौरतलब है कि देवधर आल इण्डिया क्रिकेट टूर्नामेंट के 32 वें वर्ष देष के कोने कोने से प्रसिध्द व चुनिंदा 16 क्रिकेट टीमे हिस्सा ले रही है जिसमें आईपीएल एवं रणजी के अनेक ऐसे खिलाडी जो वर्तमान मे खेल रहे है या सिलक्ट हो चुके या पूर्व में खेल चुके खिलाडी हिस्सा ले रहे है । इस वर्ष पुरूस्कार की राषी बढा कर 1,81,001 रूप्ये विजेता को एवं उपविजेता को 1,21,111 रूपये नगदी सहित चमचमाती हुए ट्राफी प्रदान की जायेगी ।

बालाघाट ने सिवनी को दिया 164 रनों का लक्ष्य - सिवनी ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का फैसले लेने के बाद पहले बल्लेबाजी करने उतरी आरसीसी बालाघाट की ने संभलकर बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 163 रन बनाकर ऑल-आउट हो गई। बालाघाट के बल्लेबाजों मे कृष सोनकुसरे ने सर्वाधिक 19 गेंदों मे 4 चैकों की मदद से 30 रन बनाये जबकी सलामी बल्लेबाज दिनेश वासनिक ने 22 रन, प्रथमेश कुंभारे ने 21 रन और अंकुर काले ने 16 रनों का योगदान दिया। पारी के अंत में इरफान कुरैशी ने मात्र 4 गेंदों में 11 रन बनाकर टीम को 160 के पार पहुँचाया।

# सेवानिवृत्ति पर उप संचालक पशु चिकित्सा एवं सिविल सर्जन को दी बिदाई

**नवभारत, बालाघाट।** 31 जनवरी 2026 को अपनी अधिवार्षिकी आयु पूर्ण कर पशु चिकित्सा विभाग के उप संचालक डॉ. एन.डी. पुरी एवं जिला चिकित्सालय के सिविल सर्जन डॉ. उमेश निरापुरे शासकीय सेवा से सेवानिवृत्त हो गए। इस अवसर पर दोनों वरिष्ठ अधिकारियों के सम्मान में विभागीय स्तर पर गरिमामय विदाई समारोह का आयोजन किया गया।

विदाई कार्यक्रम में उपस्थित विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने दोनों अधिकारियों को भावभीनी विदाई देते हुए उनके उज्वल, स्वस्थ, सुखी और दीर्घायु जीवन की मंगलकामनाएं व्यक्त कीं। समारोह के दौरान वक्ताओं ने डॉ. पुरी एवं डॉ. निरापुरे के व्यक्तित्व और कार्यशैली की सराहना करते हुए कहा कि दोनों अधिकारियों ने अपने कार्यकाल में कड़े




अनुशासन, कुशल प्रशासनिक क्षमता और सकारात्मक व्यवहार का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया।

अधिकारियों ने बताया कि सेवानिवृत्त हुए दोनों वरिष्ठ अधिकारी हमेशा अपने अधीनस्थों और नए अधिकारियों के लिए प्रेरणास्त्रोत रहे हैं। उन्होंने विभाग में आने वाले नए अधिकारियों को बेहतर कार्य करने के लिए निरंतर मार्गदर्शन और प्रोत्साहन दिया। उनका सानिध्य विभागीय कर्मचारियों के लिए एक अभिभावक की तरह रहा है, जिससे सभी को प्रशासनिक और मानवीय मूल्यों की सीख मिली है।

कार्यक्रम के दौरान दोनों सेवानिवृत्त अधिकारियों का शाल एवं श्रीफल भेंटकर सम्मान किया गया। उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उनके साथ बिताए गए अनुभव साझा किए और उनके द्वारा किए गए उल्लेखनीय कार्यों को स्मरण किया।

इस अवसर पर सेवा निवृत्त हुए दोनों अधिकारियों के परिजन, पशु चिकित्सा सेवाओं के उप संचालक का प्रभार ग्रहण करने वाले डॉ. घनश्याम परते, डॉ. राजेश नगपुरे सहित पशु चिकित्सा विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग के समस्त अधिकारी-कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर दोनों अधिकारियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की और उनके प्रति कृतज्ञता व्यक्त की।